# आरटीओ, ट्रैफिक व सामाजिक संस्थाओं ने नेत्र परीक्षण शिविर लगाया

- 'वाहन चलाने के दौरान नेत्र ज्योति का सही होना आवश्यक'
- सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 73 लोगों के आंखों की जांच की

**कोटा,** (निसं)। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात, आरटीओ व विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है।

रविवार को कोटा सड़क सुरक्षा समिति, लायंस क्लब कोटा टेक्नो एवं टीम जीवनदाता के सदस्यों ने ट्रैफिक पुलिस व आरटीओ के सहयोग से अस्सी फीट रोड स्थित न्यू बस स्टेंड पर आंखों की जांच के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया।

कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सह सचिव भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह, ट्रेफिक इंचार्ज पूरण मीना उनका स्टॉफ, आरटीओ इंस्पेक्टर गिरधारी लाल मीणा, कोटा सड़क सुरक्षा समिति के मोहनजीत सिंह, जगदीश गांधी, शफाकत गौरी, लायंस क्लब कोटा टेक्नो के अध्यक्ष एके गुप्ता, रजनी गुप्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान 73 बस व ट्रक ड्राईवर, सहायक चालक, मेकेनिक, वर्कशॉप व अन्य स्टॉफ के आंखों की जांच की गई जिसमें 48 ऐसे लोग पाए गए जिनकी नेत्रज्योति बेहद कम हैं, इन सभी लोगों को चश्मा वितरण किया जाएगा साथ ही सामान्य से कम नेत्रज्योति वाले लोगों को चश्मे का वितरण किया गया।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मनीष शर्मा ने कहा कि भारी वाहन चालक नियमित वाहनों को चलाते हैं और उनकी नेत्र ज्योति समय के साथ कम होती चली जाती है, ऐसे में समय-समय पर आंखों की जांच कराई जानी चाहिऐं ताकी नेत्र ज्योति कमजोर नहीं हो और दुर्घटना का खतरा भी कम हो।

बस चालक सैकड़ों लोगों को अपने साथ लेकर चलते हैं और ऐसे में उनके आंखों की रोशनी ठीक होगी तो सुरक्षित सफर तय होगा। भुवनेश गुप्ता ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के नेत्र जांच शिविर के माध्यम से लोगों को राहत प्रदान की जाएगी।

स्व.प्रेमचंद गुप्ता की पुण्य स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत लोगों की आंखों की जांच की गई और सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पूरण सिंह ने कहा कि ये एक अच्छी पहल है इससे बस, ट्रक व अन्य भारी वाहन चालकों को आंखों की रोशनी की जानकारी भी रहेगी व समय रहते वे दुरुस्त भी कर सकते हैं। अंत में कम रोशनी वाले लोगो को चश्मे पहनाए गए।

## पशुओं का निःशुल्क बीमा होगा

**रावतभाटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा पशुपालन के लिए बढावा देने के उद्देश्य से मुख्यंमत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की गई है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. जयदीप भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अन्तर्गत दुधारू गाय, भैंस, ऊँट, भेड़ एंव बकरियों का 1 वर्ष के लिए निःशुल्क बीमा होगा। डॉ. जयदीप भार्गव ने बताया कि सभी पात्र पशुपालक 12 जनवरी 2025 मे अपने जन आधार कार्ड की सहायता से मोबा ल फोन मुख्यंमत्री मंगला पशु बीमा योजना एप या नजदीकी ई-मित्र से अपना निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। योजना से पशुओं की अकाल मृत्यु होने पर पशुपालक को बीमा राशि मिल जाने से पशुपालक नया पशु खरीद पाएगा और आर्थिक हानि से बच जाएगा। बीमा के लिए पशुपालक को किसी प्रकार की प्रीमियम राशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

## छह सीपीओ के माध्यम से गश्त प्रभावी

**छबड़ा** (निसं)। पुलिस द्वारा नए वर्ष पर नवाचार के तहत रात्रि गश्त को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के लिए छह सीपीओ लगाए गए हैं। कस्बे को छह भागों में विभाजित कर प्रत्येक सीपीओ के लिए गश्त क्षेत्र भी निर्धारित कर दिया है। थानाधिकारी राजेश खटाना ने बताया कि रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के लिए थाना स्तर पर गिरिराज शर्मा एएसआई को नोडल अधिकारी बनाया।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/ सहऋणी/बन्धकर्ता/ गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) 2306225155419990<br>**मैसर्स माधवी ऑयल इण्डस्ट्रीज एलएलपी जरिए पार्टनर्स श्री कृष्ण कुमार मित्तल व श्री अरविंद कुमार मित्तल (ऋणी/बंधककर्ता),**<br>श्री कृष्ण कुमार मित्तल पुत्र श्री अरुण कुमार मित्तल (जमानतदार/बंधककर्ता)<br>श्री अरविंद कुमार मित्तल पुत्र श्री अरुण कुमार मित्तल (जमानतदार/बंधककर्ता)<br>श्रीमती अल्का मित्तल पत्नी श्री अरविंद कुमार मित्तल (जमानतदार/बंधककर्ता)<br>श्रीमती संजना मित्तल पत्नी श्री कृष्ण कुमार मित्तल (जमानतदार/बंधककर्ता)<br>श्री अरुण कुमार मित्तल पुत्र श्री नारायण प्रसाद मित्तल (जमानतदार/बंधककर्ता) | 30 दिसम्बर 2024<br>रु. 10,31,29,516/- (रुपये दस करोड़ इकत्तीस लाख उनतीस हजार पांच सौ सोलह मात्र) **दिनांक 30 दिसम्बर 2024** | **दृष्टिबंधक की अनुसूची**<br>बही ऋण, इन्वेंट्री और अन्य मौजूदा परिसंपत्तियों पर दृष्टिबंधक के माध्यम से पहला और विशेष परिवर्तन।<br>**बंधक अचल सम्पत्ति की अनुसूची**<br>1. कॉमर्शियल सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग, शॉप नं. पी-5, ग्राउण्ड फ्लोर (बिना छत अधिकार के), स्थित फ्रंट मोरी के हनुमानजी मंदिर, पुरानी धानमण्डी, कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 185 वर्ग फीट जो कि श्रीमती अल्का मित्तल के स्वामित्व में है। सीमाएँ:- पूर्वः शॉप नं. पी-4, पश्चिमः शॉप नं. 6, उत्तरः कॉमन पेसेज, दक्षिण : हेमन्त जैन का मकान व कमल किशोर<br>2. आवासीय सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग, प्लॉट नं. ए-4 (उत्तर), स्थित जवाहर नगर, गांव बालाकुंड, तहसील- लाडपुरा, कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 1440 वर्ग फीट, जो कि श्री अरविंद कुमार मित्तल व श्रीमती कृष्ण कुमार मित्तल के स्वामित्व में है। सीमाएँ:- पूर्वः प्लॉट नं. ए-5, पश्चिमः प्लॉट नं. ए-3, उत्तर - रोड, दक्षिण : प्लॉट नं. ए-4 का बचा हिस्सा।<br>3. आवासीय सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग, प्लॉट नं. 530, स्थित महावीर नगर द्वितीय, कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 962 वर्ग फीट, जो कि श्रीमती अल्का मित्तल, श्रीमती संजना मित्तल के स्वामित्व में है, सीमाएँ:- पूर्वः अन्य प्लॉट, पश्चिमः रोड, उत्तरः प्लॉट नं. 531, दक्षिण : प्लॉट नं. 529<br>4. आवासीय सम्पत्ति के अभिन्न अंग, प्लॉट नं. 221बी, स्थित तलवण्डी स्कीम, कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 3000 वर्ग फीट जो कि कृष्ण कुमार मित्तल, श्री अरविंद कुमार मित्तल व श्री अरुण कुमार मित्तल के स्वामित्व में है। सीमाएँ: पूर्वः प्लॉट नं. 220-बी, पश्चिमः प्लॉट नं. 222-बी, उत्तर-रास्ता, दक्षिण-प्लॉट नं. 248-बी<br>5. इण्डस्ट्रियल सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग, प्लॉट नं. जी-1-5, स्थित इण्डस्ट्रियल एरिया, एग्रो फूड पार्ग फर्स्ट फेस, रानपुर, कोटा, राजस्थान क्षेत्रफल 1000 वर्ग मीटर जो कि मैसर्स माधवी ऑयल इण्डस्ट्रिज एलएलपी जरिए पार्टनर्स श्री कृष्ण कुमार मित्तल व श्री अरविंद कुमार मित्तल के स्वामित्व में है। सीमाएँ:- पूर्वः इण्डस्ट्रियल भूमि जी-1-4, पश्चिमः जी-1-6, उत्तरः रोड, दक्षिण : पी.नं.एसपी-1 |

**स्थान : कोटा, राजस्थान** **दिनांकः 04-01-2025** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## जैन समाज ने टीम जीवनदाता के वर्धमान जैन व मनोज जैन को सम्मानित किया

**कोटा,** (निसं)। शहर में रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओ को समय समय पर मिल रहे सम्मान से प्रेरणा का संदेश प्रसारित हो रहा है। इससे शहर में आई रक्तदान की क्रांति को भी बढ़ावा मिला है। रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रही संस्था टीम जीवनदाता के दो रक्तवीरों को एक समारोह में नवाजा गया। टीम जीवनदाता के संरक्षक संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया रविवार को समग्र दिगम्बर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था कोटा द्वारा गणेश नगर स्थित पंडित आशाधर भवन में आयोजित समारोह में टीम जीवनदाता के वर्धमान जैन व मनोज जैन को सम्मानित किया गया। गुप्ता बताते है वर्धमान जैन गत एक दशक से भी अधिक समय से टीम से जुड़कर ग्रामीण अंचल व सुदूर क्षेत्रों में रक्तदान की जनजाग्रति कर रहे है। वर्धमान ने स्वयं भी 55 बार रक्तदान व 46 बार एसडीपी डोनेट कर चुके है। देर रात व अलसुबह में उन्होंने सैकड़ो मरीजो की जिन्दगी बचाई हैं। ये सम्मान उनको समाज के अध्यक्ष सुरेश जैन हरसोरा, मंत्री राजेंद्र जैन ताथेड़िया, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र जैन दुगेरिया व समाज के पदाधिकारियों ने प्रदान किया। कार्यक्रम के उपरान्त टीम जीवनदाता के नितिन मेहता, मनीष माहेश्वरी, रजनीश खंडेलवाल, अतुल विजय, अंकित पोरवाल, मनीष बंसल, कपिल गुप्ता, शनि कश्यप, डॉ.क्षिप्रा गुप्ता सहित कई रक्तवीरों ने दोनों को शुभकामनाएँ दीं व इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई प्रेषित की है।

## पौषबड़ा महोत्सव आयोजित

**बूंदी** (निसं)। जन जन के आराध्य श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर पौष बड़ा महोत्सव के अवसर पर मालपुआ, दाल के बड़े का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।श्री चारभुजा विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग ने बताया की पौष माह में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर प्रातः 6:00 बजे पंडित गणेश शर्मा ने शंखनाद करके, झालरों की झंकार के साथ भगवान की आरती उतारी इस मौके पर पूर्व वित्त राज्य मंत्री एवं विधायक हरिमोहन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा , सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक, समाजसेवी विनोद न्याति ,गिरधर शर्मा, योजना शर्मा, सुधा शर्मा, वृद्ध आश्रम आसरा के अध्यक्ष राघव शर्मा ने आरती में भाग लिया और चारभुजा नाथ के जयकारे लगाए इसके पश्चात भगवान के भोग लगाकर मालपुआ, दाल के बड़े का भोग लगाकर श्रद्धालु एवं भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

प्रातः पांच बजे से ही विनोद एंड पार्टी ने मंदिर परिसर में भजनों से श्री चारभुजा नाथ को रिझाया, वातावरण को भक्ति मय किया।

## सार-समाचार

### 'भाजपा सरकार राजहठ छोड़ किसानों की जायज मांगे पूरी करें'

**कोटा,** (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पिछले 41 दिनों से आमरण अनशन कर रहे किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल की बेहद नाजुक हालत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से राजहठ छोड़कर किसानों की जायज मांगों को पूरा कर राजधर्म की पालना करने का अनुरोध किया है। मनोज दुबे ने कहा की किसान सभी फसलों पर एम.एस.पी की कानूनी गारंटी मांग रहे है दिल्ली की गद्दी नही मांग रहे है। किसानों को एमएसपी की लीगल गारंटी एवं लाभकारी मूल्य मिलना ही चाहिए ये किसानो का जायज हक एवं अधिकार है। मनोज दुबे ने कहा की भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है और माना जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का बड़ा योगदान है, उसके बावजूद किसानों के साथ न्याय क्यों? किसानों की मांगे पूरी क्यों नहीं की जा रही हैं। 41दिनों के बाद भी केन्द्रीय कृषि मंत्री द्वारा किसान नेता डल्लेवाल का आमरण अनशन तुड़वाने की पहल नहीं करना सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण हैं। मनोज दुबे ने कहा की यदि सिर्फ खेती-किसानी से होने वाली आय को गिना जाए तो एक किसान हर रोज महज 27 रुपए ही अर्जित कर पा रहा है इस महंगाईकाल मे इतनी कम आय मे किसान कर्ज पर कर्ज लेने को मजबूर है। पूंजीवादी सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान सबसे अधिक परेशान है। मनोज दुबे ने कहा की एम.एस.पी हो या कर्जमाफी या फिर फसल बीमा किसानो के साथ हर जगह घोर अन्याय एवं अत्याचार हो रहा है। किसानो को खाद तक उपलब्ध कराने मे केंद्र सरकार पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है। भाजपा सरकार का किसानो से किया हुआ एक भी वादा पूरा नही हुआ। जिससे किसानों मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

### गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने नवल

**बूंदी** (निसं)। रविवार को अखिल भारतीय गुर्जर गोड ब्राह्मण महासभा के शहर अध्यक्ष चुनाव सम्पन्न हुये। शहर अध्यक्ष चुनाव मे 1671 मतदाताओ मे से 1111 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर शहर अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया मे भागीदारी निभाई। सुबह 11 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम 4.30 बजे तक चली जिसके बाद 5 बजे से शुरू हुई मतगणना मे विजयी प्रत्याशी नवल किशोर शर्मा ने 674 मत प्राप्त कर प्रतिद्वंदी प्रत्याशी शिव प्रकाश पंचोली को 244 मतो से शिकस्त दी है । कुल पडे मतो मे से नवल किशोर शर्मा को 674 व शिवप्रकाश पंचोली को 430 मत प्राप्त हुये। 7 वोट निरस्त हुए। चुनाव अधिकारी द्वारा मतो की गिनती के बाद विजयी प्रत्याशी नवल किशोर शर्मा को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। जिसके बाद छात्रावास परिसर महर्षि गौतम के जयकारो से गूंज उठा और ब्रहाम्ण समाज बंधुओ ने विजयी प्रत्याशी नवल किशोर शर्मा को आतिशबाजी व ढोल नगाडो की थाप के बीच फूल मालाओ से लाद दिया। नवल किशोर शर्मा की जीत पर नेता संजय शर्मा, अमित शर्मा, संजय बॉबी, मनौज गौतम, भेरूप्रकाश शर्मा, ने गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज पदाधिकारियो का आभार जताया है।

### खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**रामगंजमण्डी** (निसं)। अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा 80 गांव सुनेल क्षेत्र द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में रविवार को कबड्डी जूनियर सीनियर बालक के सेमीफाइनल तक के मैच खेले गए।जिसमें कबड्डी सीनियर में फाइनल में जिला भीलवाड़ा से आई टीम तथा हिरियाखेडी जिला कोटा पहुंची रस्सा कस्सी पुरुष में मिश्रौली विजेता और गादिया उपविजेता रही।वहीं रस्सा कस्सी महिला टीम में गादिया विजेता रही और खो-खो जूनियर में उदपुरा सीनियर में गाड़िया कुश्या विजेता रही। इसी प्रकार 100 मीटर 400 मी ऊंची कूद लंबी कूद भाला फेंक एवं गोला फेक चम्मच दौड़ कुर्सी दौड़ सहित अनेक गेमों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को चुना गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता कार्यक्रम अध्यक्ष जानकी लाल धाकड़ पूर्व 80 गांव अध्यक्ष भगवान धाकड उत्तर पूर्व जिला अध्यक्ष कर्मचारी संघ प्रहलाद नागर मिश्रौली युवा अध्यक्ष दौलत राम धाकड़ फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र धाकड सहित 8 से अधिक शारीरिक शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया गया। सोमवार को समापन समारोह में फाइनल मैच कबड्डी सीनियर का होगा तथा प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### गांव-गांव पहुंच कर रहे संवाद

**छबड़ा** (निसं)। धाकड समाज के नई पीढ़ी के युवाओं को एक मंच पर लाने, उन्हें संस्कारित करने एवं धाकड संस्कृति से परिचित कराने, समाज उत्थान के लिए आगे आने को लेकर एक जनवरी से धाकड समाज के गांवों में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अलख निरंजन ज्योति ध्यान योग केंद्र के योगाध्यक्ष शंकरलाल नागर के अनुसार शनिवार को मुंडला, दिलोद, कोलूखेडा और पीपल्याजागीर आदि गांवो में भ्रमण कर परिवार की सहमति से युवाओं के सामाजिक उत्थान और मार्गदर्शन के लिए वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है। रामदयाल ने सम्पर्क के दौरान बताया कि धाकड़ समाज के युवाओं को एक मंच पर लाकर उन्हें पुरानी पीढ़ी के संस्कारों से परिचित कर भौतिकता की आंधी में भटके युवाओ को संस्कारित किये जाने के प्रयास किये जायेंगे एवं समय-समय पर विचार गोष्ठियां आयोजित कर ऑफलाइन और ऑनलाइन संवाद किया जाएगा।

### श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

**झालावाड़** (निसं)। श्रीमद्भागवत कथा राधारमण मन्दिर भक्त मण्डली के तत्वावधान में राधारमण, डिप्टीजी का मन्दिर परिसर झालावाड़ में की जा रही है जिसमें चौथे दिन कथा में कथा वाचक भाई संतोष सागर जी महाराज बीकानेर वालों ने चतुर्थ दिवस की कथा में अजामिल की कथा का वर्णन करते हुए सन्तोष सागर ने कहा अंत मती सो गति जो जीव अंत समय में जैसा चिंतन करता है उसकी वैसी ही गति होती है।

